यमुना एक्सप्रेसवे पर बनेगा 400 करोड़ का हाइपरस्केल डाटा सेंटर

लखनऊ। यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण (यीडा) क्षेत्र में बी.के. सेल्स कॉर्पोरेशन लगभग 400 करोड़ रुपये के निवेश से एक अत्याधुनिक हाइपरस्केल डाटा सेंटर स्थापित करेगा। यीडा के सीईओ राकेश कुमार सिंह ने कंपनी को पांच एकड़ भूमि आवंटन के लिए पत्र सौंपा।

इस परियोजना का नेतृत्व कैलटेक (कैलिफोर्निया इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी) के पूर्व छात्र करण गुप्ता करेंगे। सेंटर की कुल क्षमता 7000 सर्वर रैक की होगी और इसका लक्ष्य 18 महीने में व्यावसायिक संचालन शुरू करना है। इस सेंटर से व्यवसायियों, सरकारी संस्थाओं और डिजिटल स्टार्टअप्स को डिजिटल अवसंरचना, क्लाउड सेवाएं और एआई समाधानों के क्षेत्र में नई गति मिलेगी। ब्यूरो

7000 सर्वर रैक की होगी क्षमता
18 महीने में संचालन का लक्ष्य

सिम्प्लास्ट ग्रुप द्वारा 70 करोड़ का निवेश

इटली की सिम्प्लास्ट ग्रुप ने यीडा क्षेत्र में 70 करोड़ रुपये के निवेश से ऑटोमोबाइल उद्योग के लिए उन्नत प्लास्टिक एवं रोटेशनल मोल्डिंग उत्पादों की नई विनिर्माण इकाई स्थापित करने की योजना बनाई है। इसमें 50 प्रतिशत विदेशी प्रत्यक्ष निवेश (एफडीआई) शामिल है। कंपनी को तीन एकड़ भूमि आवंटन के लिए एलओआई पत्र सौंपा गया है।